# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## 30.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

**प्रश्नकाल**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि पूर्व की जयराम सरकार ने पनबिजली परियोजनाओं के साथ हुए एमओयू में हिमाचल के हितों को बेचा है। उन्होंने कहा कि लूहरी, सुन्नी और डुग्गर पनबिजली परियोजनाओं के लिए पूर्व सरकार के समय में हुए एमओयू में रॉयल्टी के रूप में मिलने वाली 12 फीसदी निशुल्क बिजली को खत्म किया गया है। इसके अलावा लाडा के नियमों को भी बदला गया है और जीएसटी को माफ किया गया है। वे आज शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के मॉनसून सत्र के दौरान प्रश्नकाल में विधायक केवल सिंह पठानिया के सवाल का जवाब दे रहे थे। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार ने तय किया है कि बिजली परियोजनाओं को 12 वर्ष तक 12 फीसदी, 12 से 30 वर्ष तक 18 फीसदी और 30 से 40 वर्ष तक 30 फीसदी बिजली रायल्टी के रूप में राज्य को देनी होगी और 40 वर्ष बाद यह प्रोजेक्ट हिमाचल का होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार स्पष्ट कर चुकी है कि हिमाचल के हितों को किसी भी सूरत में बिकने नहीं देगी और अपनी शर्तों के मुताबिक इन परियोजनाओं को चलाएंगे। विधायक अनिल शर्मा के सवाल के जवाब में सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि मंडी में नगर निगम परिसर में चल रहे कैंप हाउस को बंद कर दिया जाएगा।

**नियम–62**

हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध चिंतपूर्णी मंदिर परिसर में बनने वाले रज्जूमार्ग पर सरकार 76 करोड़ 50 लाख रुपए खर्च करेगी। इस रज्जू मार्ग का निर्माण सरकार द्वारा मंदिर परिसर की भीड़ को कम करने के लिए पीपीपी मोड पर किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज विधानसभा में विधायक राकेश कालिया द्वारा नियम–62 के तहत लाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर हुई चर्चा के जवाब में ये बात कही। अग्निहोत्री ने कहा कि इस रज्जू मार्ग के लिए सरकार गैप फंडिंग के रूप में 5 करोड़ रुपए दे रही है और शेष राशि प्रोमोटर द्वारा निवेश की जा रही है। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि इस मंदिर में हर साल 50 से 60 लाख श्रद्धालु आते हैं और इस रोप–वे के लिए टेंडर हो गए हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रज्जूमार्ग पर्यटन के लिए आकर्षण का केंद्र भी है और इसके माध्यम से श्रद्धालुओं को आने–जाने की सुविधा के साथ–साथ स्थानीय दुकानदारों व अन्य व्यवसायियों पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ेगा। **मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि इसके विपरीत उनके कारोबार में वृद्धि ही होगी और नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे।** उन्होंने कहा कि बाबा बालकनाथ, बिजली महादेव और माता श्री नयना देवी में भी रज्जू मार्ग बनाने प्रस्तावित हैं।

इससे पहले, चर्चा में भाग लेते हुए विधायक राकेश कालिया ने कहा कि रोप–वे बनने से चिंतपूर्णी में बाजार उजड़ जाएंगे। उन्होंने सुझाव दिया कि इस रोपवे को किन्नू में लगाया जाए। इससे लोगों का व्यापार बच जाएगा। उन्होंने सरकार से इस पर पुनर्विचार किए जाने की मांग की।

**हंगामा**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के घर की ड्रोन से निगरानी का मामला विधानसभा में आज जोरशोर से गुंजा और सदन में भारी हंगामा हुआ। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने विधानसभा में प्वाइंट ऑफ आर्डर के माध्यम से मामला उठाते हुए कहा कि उनके आवास की ड्रोन से निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि आज सुबह चार बार उनके घर पर ड्रोन घूमता रहा और दरवाजे व खिड़कियों तक पहुंच गया। जयराम ठाकुर ने कहा कि जब मालूम किया तो पता चला कि यह एसपी के आवास से संचालित हो रहा था। उन्होंने इस पर कड़ा ऐतराज जताया और इसे गंभीर मामला बताया। जयराम ठाकुर ने कहा कि यह व्यक्ति के परिवार की निजता का हनन है और इसे सहन नहीं किया जा सकता। प्रश्नकाल समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्वाइंट ऑफ आर्डर के तहत इसका जवाब दिया। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को सनसनी फैलाने की आदत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हिमाचल पुलिस नहीं है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने तंज कसा कि कहीं ईडी और सीबीआई तो यह काम नहीं करवा रही है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में वह केंद्रीय एजेंसियों से पत्र लिखकर जानकारी लेंगे और इसकी भी जांच करवाएंगे।

**पोषण माह**

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने आज शिमला में सातवें राष्ट्रीय पोषण माह का प्री—लॉन्च किया। उन्होंने कहा कि एक से 30 सितम्बर तक प्रदेश भर में चलने वाले इस अभियान के तहत प्रदेश के भविष्य को स्वस्थ और सशक्त बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। शांडिल ने कहा कि पोषण अभियान के अन्तर्गत छः वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों में अल्प पोषण, अनिमिया व कम वजन और किशोरियों, गर्भवती महिलाओं व धात्री माताओं की समस्याओं का निराकरण करने की दिशा में कार्य किए जाएंगे। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि अभियान के दौरान स्वास्थ्य व आयुष विभाग के समन्वय से जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

———————————